Reg. No. : IND/5970
Indore Truck Operators & Transport Association (Regd.)
(Member : All India Motor Transport Congress, New Delhi)
ITOTA
संगठन मे शक्ति है

पत्र क्रमांक 20042/ITOTA/9/24 दिनांक 16/9/24

प्रति
श्रीमान राव उदयप्रताप सिंह जी
परिवहन व स्कुल शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश सरकार
भोपाल

विषय: मध्य प्रदेश परिवहन चेकिंग पॉइंट पर शासन प्रशासन द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाना चाहिए एवं तत्काल गुजरात मॉडल लागू कर टेक्नोलॉजी आधारित वाहन चेकिंग सिस्टम बनाने बाबद।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि प्रदेश में नए बनाए गए परिवहन चेकिंग पाइंट पर शासन-प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाना चाहिए क्योंकि परिवहन चेकिंग पाइंट पर अनावश्यक रूप से परिवहन कानून का हवाला देकर वाहन चालको को परेशान कर अवैध वसूली करने की शिकायत हमारी संस्था को प्राप्त हो रही है। दिनांक 15/9/24 को चेक पाइंट अनुपुर-1 जिला अनुपुर की घटना भी अवैध वसूली को लेकर हुई है, जिसमें परिवहन आयुक्त द्वारा कार्यवाही कर रितु शुक्ला आरक्षक को निलंबित किया गया है जबकि निलंबन की कार्यवाही प्रभारी टीएसआई मीनाक्षी गोखले पर भी होना चाहिए थी क्योंकि चेक पाइंट प्रभारी भी वीडियो में दिखाई दे रही है और चेकिंग पांइट की संपूर्ण जिम्मेदारी भी प्रभारी की होती है तो निलंबन की कार्यवाही सीर्फ आरक्षक पर क्यो की गई है क्या छोटे कर्मचारी पर कार्यवाही कर खाना पूर्ती की गई है ।

Cont.... 2

'TRANSPORT BHAWAN', 20, Transport Nagar, Indore - 14 ♦ Ph. : 0731-4092772 ♦ Mob. : 9407100061 ♦ Email : itotamp@gmail.com

Reg. No. : IND/5970

Indore Truck Operators & Transport Association (Regd.)

(Member : All India Motor Transport Congress, New Delhi)

ITOTA

संगठन मे शक्ति है

महोदय, परिवहन चेक पोस्ट बंद कर परिवहन चेक पॉइंट बनाए गए थे और गुजरात मॉडल लागू कर वाहनो की चेकिंग की जावेगी यह फैसला माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा लिया गया था मगर आज तक परिवहन अधिकारी एवं कर्मचारियों को चेकिंग करने के संसाधन उपलब्ध नहीं हुए है ,जल्द टेक्नोलॉजी के संसाधन उपलब्ध कराकर चेकिंग करने का कार्य किया जाए ताकि चेकिंग पाइंट पर पारदर्शिता बनी रहे और किसी को नाजायज परेशान नहीं किया जाए, साथ ही परिवहन अधिकारी एवं कर्मचारी को अपनी ड्युटी कार्य करते वक्त नाजायज तरीके से कोई व्यक्ति परेशान भी नहीं कर पाएंगे क्योंकि निरंतर चेकिंग पाइंट की वीडियोग्राफी होने से परिवहन अधिकारी-कर्मचारी पर आरोप-प्रत्यारोप भी नहीं लगा पाएंगे और परिवहन अधिकारी कर्मचारी अपनी ड्युटी पर कार्य अच्छे से कर पाएंगे एसी नवाचार व्यवस्था लागु कर म प्र में सरल एवं सुगम परिवहन हो यही आशा हम करते है।

धन्यवाद

प्रतिलिपि:

1. श्रीमान् एस एन मिश्रा प्रमुख सचिव परिवहन विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल
2. श्रीमान् डी पी गुप्ता परिवहन कमिश्नर महोदय, ग्वालियर

धन्यवाद

भवदीय

राजेंद्र त्रेहन
चेयरमेन

सी.एल. मुकाती
अध्यक्ष

'TRANSPORT BHAWAN', 20, Transport Nagar, Indore - 14 ♦ Ph. : 0731-4092772 ♦ Mob. : 9407100061 ♦ Email : itotamp@gmail.com